Junga Bhadurs daughter from his unwed wife Meena Maharani alias Dakhchowke Maharani. Shri Damabar Kumari, the sister of Dambar Jung. She is credited with promoting the Dambar Kumari block print of textile, which has left an indelible mark on Nepal's handicraft industry and can now be defined as our very own national brand. History goes on to say she escaped to Varanasi and did not wish to return. Junga Bahadur sent Dhir Shumsher to bring her back. Through his spies he came to know that she was using 'brothel women's' in block printing Putali Maharani, favourite of Junga Bhadur wrote a personal letter requesting her to return to Nepal and promised to provide her funding to continue her hobby which later turned into Cottage industries. It is said she wanted to remain in good books of Putali Maharani, so she returned. Dhaka cloth became famous among the Rana ladies of the court.

Fig 4 b

She was a trend setter of her era. as a result of her influence. The fabric was known as "Dambar Kumari Dhaka." Women all over the Kathmandu Valley began to use this fabric for their clothes, and it became known simply as 'Dambar Kumari ' to this day.

Fig-5

The Umbrella Bearer "*Chate"* are women holding the umbrella.One of the pictures of Junga Bahadur with his Queen & two daugh--ters with "*Chate's"* or "Umbrella bearers". These working women are depicted with "Circular Head ornament" Similar to Gurung community women who wear such ornament on their head during special occasions such as marriages. These women were shown wearing simple apparel made of yards and yards of cloth flounced like those of Queen by placing wires. It seems that the materials and the quality differed. All of them used 'Nepali *Kasto'* or a shawl to cover their upper body.

Balnarasingh Kunwar:

Fig – 6

Whose descendants were to rule Nepal was depicted with an army like cap adorned with plump feathers, pearls and

other precious stones, with emerald droplets falling on his forehead. He wears an 'Ekavali' large pearl necklaces and. *"Dwie Lari"* long - pearl necklace known as '*Lambanam'*

Rana Ranuddip Narshima (1877 - 1885)

wears a crown-like that of Janga Bahadur. It seems that he added a bunch of pearls (like the grape- bunches) falling on the right side of his head thus enhancing its beauty.He is shown with '*Ekavali'* around his throat

Fig-7

Apparel: He is depicted with Red coat with decorations reaching up to his knee and a trouser. He is shown with his two Queens **Hari Priya Devi and Kanchi Maharani** junior wife.

Hari Priya Devi was the main queen of Ranauddip She is depicted with an ornamented headdress that has plums falling off, with three rows of pearls and emeralds. The Queen wears a similar dress like Hiranyagarba Devi Queen of Janga Bahadur and other royalties.

Fig-8

While Kanchi Maharani of Ranauddip has been shown wearing an ornamented headdress with pearls hanging on either side in numerous rows. She is wearing a large earring with numerous pearls reaching up to her shoulder. Her necklace is of gold embossed with precious stones. On her wrist, she wears a gold bracelet.

Apparel: her apparel is very much similar to the apparel worn by the eldest queen with few more frills and a brocade shawl that is adorned in a cape-like manner above her shoulder.

Dhoj Narasingha Rana – the second son of Badri Narsingh and adopted son of Premier Ranauddip Narsingh is depicted with crescent-shaped Sirpech (crown) with pearls, emerald, rubies and plum gracefully flowing out. It is believed to be the feathers of the birds of paradise. The coat he wears is like those of an army personal with decoration. The coat reaches up to the knee and is tied at the waist with an ornamented belt. The sleeves and collar are beautifully embroidered with gold. The trouser is similar to the style of British Commander's clothing worn in British India. Such influence was common, as Nepal was close to India. The infiltration of British influence in Nepal seems to have been much in favour since Junga Bahadur's visit to Great Britain as he was highly impressed by the 'British Royalties' splendour. Thereinafter, he had his Darvar built-in shape of Buckingham palace of England; with it began the Neo-Classical architectural constructions in Nepal.

Bir Shumsher (1885 - 1901)

Fig -9

He is depicted with a crown similar to that worn by Maharaja Shree Tin Ranauddip Narashima Rana with bunches of emerald hanging on the right. He is shown wearing embroidered coat falling up to his hip, held by embroidered belt A cape with numerous decorations including "Trishaktipath" and Gorkhadakshin Bhau.

Even today such decorations are awarded to important people by the Head of the State. Bir Shumsher is shown wearing "Dwie Lari" or double rowed necklace of pearls and emeralds. The "*Panchalahar* necklace" or five rows necklace were worn by royalties, since Junga Bhadur returned from his official tour.

The *Panchalarhar* necklace made up of pearl was similar to those worn by Indian contemporary Kings & Queens of the 19th century.

In 1899 Bir Shumsher's second wife is shown with a different headdress. The hair has been pleated or braided and raised high, and ornamented with diamond, gold, pearl and emeralds and designed in the shape of hair clips and set in a "tiara'" fashion. She wears a long sleeves blouse, like the women of her period, above it she wears an embossed armlet of gold. She wears lots of jewellery on her neck. *"ekavali",* "*Panchahara"* (Five stringed pearls, emerald necklaces) as well as "*lambanam"* long pearl necklace reaching up to the waist with flowery and crescent designs. It perhaps could be "*Chandra hara"* simple droplets for ears.

Apparel is well designed and flounced like a frock worn by European ladies of England. The only difference between the European ladies and the Nepali Queens was that here the ladies used yards and yards of sari material designed

and flounced by wires. This shows that European influence had filtered and had, had a great influence on Nepal

Chandra Shumsher J. B. Rana (1901 - 1929)

Fig-10/11

shown with a similar crown as worn by Dev Shumsher with decorations befitting a Prime minister and a cape Over his embroidered coat he wore many decorations. Below he was shown with a white trouser held within a boot reaching up to his knee. The Portrait of Maharani Bal Kumari (1917). Second queen of Chandra Shumsher is depicted with raised hair-dress ornamented with diamond, emerald, pearl and crescent moon. Besides other necklaces, she is also shown wearing a *"Bikaniri* necklace"; ornamented with diamond and pearls Queen also wears a long pearl necklace. She wears a sari worn in a different style. It known as "*Parasi Poshak*" in those days.

Queen Laxmi Divyeshwari (Mother of Queen Tribhuvan)

Fig12

is graciously dressed with raised hair-dress shaped like "*Mauli"* or turban ornamented with pearls, rubies and emerald (Alkazi, 1982, p. 125) etc. On her neck she wears an '*ekavali'* (single pearl- necklace) and 'hara" of pearls with a pendant. (Alkazi, 1982, p.126) The wearing of "*Mauli*" like headdress existed even in India. Similar to the Royal Bodhisattvas of Mathura. Its *Mukuta* or crown shaped as tiers in a very decorative style (Kushan Period). The ornaments worn too are of the designs belonging to 185 A.D. This provides evidence that that "Fashion can never be termed old, Fashions simply disappears and reappears as new trend". As the saying goes, "Everyone laugh at the old fashion but religiously follows the new one".

Bhim Shumsher (1929 - 1932): Is shown wearing a crown like Janga Bahadur Rana with all decorations. He is shown with an embroidered coat and white trouser held within a boot that reaches up to his knee.

Maharaja Bhim Shumsher's Senior Wife (1890): is shown with lovely ornamented hair-dress (crown) with flowery designs with flowers made of gold and precious stones shaped as creepers, leaves and flowers falling down to her neck. She is also depicted wearing a necklace with a flowery leaf at the center. The dress cannot be seen except for an ornamented cape with lovely flowery broaches in the shape of flowers, leaf and butterflies.

Fig-13

Padma Shumsher (1945 – 48): Maharaj Padma Shumsher was known as people's premier His crown is very much similar to his brothers before him, with emerald droplets. The only difference in his dress-up is his light blue cloak with white ribbons and decorations. This is unique, because all other premiers are seen wearing red coats.

Fig 14

Mohan Shumsher (1948 – 1951): Mohan Shumsher is the last premier.

After him the Rana dynasty came to an end with it came an end of an era. His crown is very similar to that of Padma

Shumsher with emerald droplets. His coat is red as earlier premiers of his period. It shows European Influence, unlike his brother Padma Shumsher he does not wear/a cloak.

Beautification & Makeup : It will incomplete to conclude without mentioning about the makeup materials used and prepared by the ladies of the Khalanga (Working staff area) who were responsible for such tasks.

Conclusion: The British influence on dress and ornaments continued till the rule of the last premier Mohan Shumsher. Then the Rana dynasty came to an end and with it was the end of the British influence that began with Shri Tin Maharaja Junga Bhadur's visit to Europe.

References:-

1. Francis Brunel, *Jewellery of India,* Bombay: National Book Trust, 1972
2. Roshan Alkazi, *Ancient Indian Costume*, New Delhi: Art Heritage, 1982
3. Stuvart C. Welch, *The Art of Mugal India*¸ Bombay: Asian House Publication, 1963, Whelpton John , Junga Bhadur in Europe, Kathmandu : Sahayogi Press, 1982
4. Rana Purusottam S, *Junga Bhadur Rana:His Rise & Glory*,Delhi: Book Faith India,1998
5. Rana Padma Jung, Life of Maharaja Shree Junga Bhadur of Nepal, Kathmandu: Ratna Pustak Bhandar, 2017
6. Urvashi Singh Khimsar,2020 (Blog)

✻✻✻✻✻✻✻✻✻✻✻✻

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
April to June 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLVI, ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

Effects of Pesticides on Environment

Dr. Manju Meena*

***Assistant professor (Chemistry) R.R. Govt. College, Alwar (Raj.) INDIA**

Abstract - Pesticides are used to kill the pests and insects which attack on crops and harm them. Different kinds of pesticides have been used for crop protection for centuries. Pesticides benefit the crops; however, they also impose a serious negative impact on environment. Excessive use of pesticides may lead to the destruction of biodiversity. Many birds, aquatic organisms and animals are under the threat of harmful pesticides for their survival. Pesticides are a concern for sustainability of environment and global stability. This paper intends to discuss about pesticides, their types, usefulness and the environmental concerns related to them. Pollution as a result to overuse of pesticides and the long term impact of pesticides on the environmental are also discussed in this paper. In end discuss the methods to eradicate the use of pesticides and finally it looks forward towards the future impacts of the pesticide use the future impacts of the pesticide use the future of the world after eradicating pesticides.
Keywords: Pesticides, Environment, Chronic effects of pesticides, Environmental hazards.

Introduction - A pesticide is a toxic chemical substance or a mixture of substances or biological agents that are intentionally released into the environment in order to avert, deter, control and kill, destroy populations of insects, weeds, rodents, fungi or other harmful pests. They include insecticides, herbicides, nematicides, fungicides, molluscicides, rodenticides, plant growth regulators and other compounds.(1) Pesticides work by attracting, seducing and then destroying or mitigating the pests. Pests can be broadly defined as " the plants or animals that jeopardize our food, health and comfort."

The use of pesticides has increased many folds over the past few decades. According to an estimate, about 5.2 billion pounds of pesticides are used worldwide per year. The use of pesticides for pest mitigation has become a common practice all around the world. Their use is not only restricted to agricultural fields, but they are also employed in homes in form of sprays, poisons and powders for controlling cockroaches, mosquitoes, rats, fleas, ticks and other harms bugs. Due to this reason, pesticides are frequently found in our food commodities in addition to their presence in the air. Pesticides can be natural compounds or they can be synthetically produced. They may belong to any one of the several pesticide classes. Major classes include organochlorines, carbamates, organophosphates, pyrethroids and neonicitinoids to which most of the current and widely used pesticides belong. Pesticides formulations contain active ingredients along with inert substances, pesticides break down into substances known as metabolites that are more toxic to active ingredients in some situations. At the end merits of pesticide usage and the harmful impact of pesticides on human health and the environment.

Classification of Pesticides: Pesticides are known to be one of the extremely useful and beneficial agents for preventing losses of crops as well as diseases in humans. Based on the action, pesticides can be classified as destroying, repelling and mitigating agents. Insects and pests are getting immune to the commercial pesticides due to over usage. Recently pesticides have been developed which target multiple species.(2) Now a days, chemical pesticides and insecticides are becoming a dominant agent for eliminating pests. When these chemical pesticides are used in a combination of effective natural enemy than that result in enhanced integrated pest management and act as a comprehensive prophylactic and remedial treatment .(3)

On the level of population, the effects of pesticides depend on exposure and toxicity, as well as on different factors like life history, characteristics, timing of application, population structure and landscape structure .(4) Nerve targets of insects which are known for development of neuroactive insecticides include acetylcholinesterase for oganophosphates and methycarbamates, nicotinic acetylcholine receptors for neonicotinoids, gamma-aminobutyric acid receptor channel for polychorocyclohexanes and fiproles .(5)These pesticides are associated with different types of toxicities .(6)

Worldwide pesticides are divided into different categories depending upon their target. Some of these categories include herbicides, insectIcides, fungicides,

rodenticides, molluscicides, nematicides and plant growth regulators. Non- regulated use of pesticides has led the environment into disastrous consequences. Serious concerns about human health and biodiversity are raising due to overuse of pesticides. (7) Pesticides are not only toxic to people related to agriculture, but they also cause toxicity in industries and public health work places. Depending upon the target species, pesticides can cause toxicities in natural flora, natural fauna and aquatic life . (8)

Merits of Pesticide Use: Pesticides provide primary as well as secondary benefits. The former ones are obvious after direct usage of pesticides such as the killing of insects that feed on crops. Later are the result of the primary benefits and they are for longer periods. Worldwide, 40% of the agricultural produce is lost due to plant diseases, weeds and pests collectively. If there would have been no pesticides, crop losses would have been many folds greater. Moreover, these crop saving substances not only protect the crops from damage rendered by pests, but they also increase the yields of crops considerably. (9)

Protection of farm and agricultural lands means protection of all forms of life. Pesticides protect forests and other wildlife habitat from invasive species of plants and non–native insects and other pests. Improved agricultural yields help the farmers to produce more food without expanding their agricultural land which consequently protects biodiversity. (10) Insecticides also improve home sanitary conditions by keeping the population of bugs in control. (11) Moreover, pesticides also preserve the beauty of recreational spots by controlling weeds and also prevent structural damage associated with termite infestations .(12)

Risks Associated with Pesticide Use: Risks associated with pesticide use have surpassed their beneficial effects. Pesticides have drastic effects on non- target species and affect animal and plant biodiversity, aquatic as well as terrestrial food webs and ecosystems.

According to Majewski and Capel (1995) about 80-90 % of the applied pesticides can volatized within a few days of application. (13) It is quite common and likely to take place while using sprayers. The volatized pesticides evaporate into the air and subsequently may cause harm to non–target organism. A very good example of this is the use of herbicides, which volatilise off the treated plants and the vapours the sufficient to cause severe damage to other plants. (14) Uncontrolled use of pesticides has resulted in reduction of several terrestrial and aquatic animal and plant species. They have also threatened the survival of some rare species such as the bald eagle, peregrine falcon and osprey. (15) Additionally, air, water and soil bodies have also being contaminated with these chemicals to toxic levels. Among all the categories of pesticides, insecticides are considered to be most toxic whereas fungicides and herbicides are second and third on the toxicity list.

Threats to Biodiversity: The threats associated with the use of uncontrolled use of these toxins cannot be overlooked. It is the need of the hour to consider the pesticide impact on populations of aquatic and terrestrial plants, animals and birds. Accumulation of pesticides in the food chains is of greatest concern as it directly affects the predators and raptors. But, indirectly, pesticides can also reduce the quantity of weeds, shrubs and insects on which higher orders feed. Spraying of insecticides, herbicides and fungicide have also been linked to declines in the population of rare species of animals and birds.

Threats to Aquatic Biodiversity: Pesticides enter the water via drift, by runoff, leaching through the soil or they may be applied directly into surface water in some cases such as for mosquitoes control. Pesticide – contaminated water poses a great threat to aquatic form of life. It can affect aquatic plants, decrease dissolved oxygen in the water and can cause physiological and behavioural changes in the fish populations. In several studies, lawn care pesticides have been found in surfaces waters and water bodies such as ponds, streams and lakes. Pesticides which are applied to land drift to aquatic ecosystems and there they are toxic to fishes and non target organisms. These pesticides are not only toxic themselves but also interact with stressors which include harmful algal blooms .With the overuse of pesticides, a decline in populations of different fish species is observed.(16) About 80% of the dissolved oxygen is provided by the aquatic plants and it is necessary for the sustenance of aquatic life. Killing of aquatic plants by the herbicides results in drastically low O_2 levels and ultimately leads to suffocation of fish and reduced fish producitivity. Generally, levels of pesticides are much higher in surface waters than groundwater probably because of surface runoff from farmland and contimination by spray drift. (17) However, pesticides reach underground through seepage of contaminated surface water, improper disposal and accidental spills and leakages. Aquatic ecosystems are experiencing considerable damage due to drifting of pesticides into the lakes, ponds and rivers.

Threats to Terrestrial Boidiversity: Pesticide exposure can also cause sub –lethal effects on terrestrial plants in addition to killing non target plants. Drifting or volatilization of phenoxy herbicides can injure nearby trees and shrubs (18) Herbicide glyphosate increases susceptibility of plants to diseases (19) and reduces seed quality(20) Earthworms play a significant role the soil ecosystem by acting as bio-indicators of soil contamination and as models for soil toxicity testing. Earthworms also contribute to soil fertility. Pesticides have not spared earthworms from their toxic effects and the later is exposed to the former mainly via contaminated soil pore water. (21)

Pesticide Impact on Human Health: Pesticides have improved the standard of human health by controlling vector-borne diseases, however, their long term and indiscriminate use has resulted in serious health effects. Human beings especially infants and children are highly vulnerable to deleterious effects of pesticides due to the

non-specific nature and inadequate application of pesticides. As the pesticide use has increased over the past few decades, the likelihood of exposure to these chemicals has also increased considerably. Pesticides enter the human body through ingestion, inhalation or penetration via skin[22] But the majority of people get affected via the intake of pesticide contaminated food. The effects of pesticides on human health are highly variable. They may appear in days and are immediate in nature or they may take months or years to manifest and hence are called chronic or long – terms effects.

Conclusion and future Prospects: Pesticides have proved to be a boon for the farmers as well as people all around the world by increasing agricultural yield and by providing innumerable benefits to society indirectly. But the issue of hazards posed by pesticides to human health and the environment has raised concerns about the safety of pesticides. Although we cannot completely eliminate the hazards associated with pesticides use, but we can circumvent them in one way or the other. Exposure can be minimised by several means such as alternative cropping methods or by using well- maintained spraying equipments. If the pesticides are used in appropriate quantities and used only when required or necessary, then the pesticides risks can be minimised.

References:-

1. Zhan H., Huang Y., Lin Z., Bhatt P., Chen S. (2020) New insights into the microbial degradation and catalytic mechanism of synthetic pyrethroids. Environ. Res. 182:109138
2. Speck-Planche A,Kleandrova VV, Scottii MT (2012) Fragment – based approach for the in silico discovery of multi- target inseciticides. Chemon Intell Lab Syst 111:39-45
3. Gentz MC, Murdoch G, King GF (2010) Tandem use of selective insecticides and naturals enemies for effective , reduced –risk pest management . Biol Control 52(3):208-215
4. Schmolke A, Thorbek P, Chapman P, Grimm V(2010) Ecological models and pesticide risk assessment: current modeling practice. Environ Toxicol Chem 29(4):1006-1012
5. Casida JE, Durkin KA(2013) Neuroactive insecticides : targets , selectivity, resistance ,and second- ary effects. Annu Rev Entomol 58:99-117
6. Van Djik TC (2010) Effects of neonicotinoid pesticide pollution of Dutch surface water on non target species abundance
7. Agrawal A, Pandey RS, Sharma B (2010) water pollution with special reference to pesticide contamination in India. J Water Res Prot 2 (5):432-448
8. Rasid B, Husnain T, Riazuddin S(2010) Herbicides and pesticides as potential pollutants : aglobal problem. Plant adaption phytoremediation. Springer, Dordrecht, pp 427-447
9. Webster JPG, Bowles RG, Williams NT (1999) Estimating the economic benefits of alternative pesticide usage scenarios: wheat production in the United Kingdom. Crop prot 18:83
10. Ross G (2005) Risks and benefits of DDt. Lancet 366(9499): 1771-1772
11. Delaplane KS (2000)Pesticide usage in the United States : Histroy , benefits , risks,and trends cooperative extension Services . The University of Georgia ,college of Agricultural & Environmental Sciences. Bulletin 1121.
12. Aktar W , Sengupta D, Chowdhury A(2009) Impacts of pesticides use in agriculture: the benefits and hazards. Interdiscipl Toxicol 2:1-12
13. Majewski M, Capel P (1995) Pesticides in the atmosphere: Distribution , Trends & Governing Factors. Pesticides in the hydrologic system , vol. 1 ann Arbor Press inc. P. 118
14. Straathoff H(1986) Investigations on the phytotoxic relevance of volatilization of herbicides Mededelingen 51(2A): 433-438
15. Helfrich LA, Weigmann dl, Hipkins P, Stinson er (2009) Pesticides and aquatic animals : a guide to reducing impacts on aquatic systems In. Virginia Polytechnic Institute and State University accessed Jan 17,2015
16. Scholz NL , Fleishman E, Brown L, Werner I , Johnson Ml , Brooks ML, Mitchelmore CL (2012) A perspective on modern pesticides, pelagic fish declines, and unknown ecological resilience in highly managed ecosystems. Bioscience 62(4):428-434
17. Anon (1993) The environmental effects of pesticide drift , Peterborough: English Nature 9- 17 Benefits of pesticides and crop protection chemicals . In Crop life America. Accessed Dec 22, 2014
18. Dreistadt SH , Clark JK , Flint ML (1994) Pests of landscape trees and shrubs. An integrated pest management guide. University of California Division of Agriculture and Natural Resources Publication No. 3359
19. Brammall RA , Higgins VJ (1988) The effect of glyphosate on resistance of tomato to Fusarium crown and root rot disease and on the formation of host structural defensive barriers. Can J Bot 66:1547- 1555
20. Locke D, Landivar JA, Moseley D (1995) The effects of rate and timing of glyphosate applications of defoliation efficiency, regrowth inhition , lint yield , fiber quality and seed quality .Proc Beltwide Cotton Conf 2:1088-1090
21. Schreck E, Geret F, Gontier L, Treilhou M (2008) Neurotoxic effect and metabolic responses induced by a mixture of six pesticides on the earthworm Aporrectodea caliginosa nocturna Chemosphere 71 (10):1832-1839
22. Spear R(1991) Recognised and possible exposure to pesticides . In:Hayes WJ, Laws ER(eds) Handbook of pesticide toxicology. Academic, San Diego, CA, pp 245-274

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
April to June 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLVI, ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

मध्यप्रदेश में सामुदायिक पुलिस प्रणाली की दिशा में उठाए गए महत्त्वपूर्ण कदम

पूजा सेंगर* डॉ. कनिया मेड़ा**

*** शोधार्थी, (लोक प्रशासन), राजनीति विज्ञान एवं लोक प्रशासन अध्ययनशाला, विक्रम विश्विद्यालय, उज्जैन (म.प्र.) भारत**
**** सहायक प्राध्यापक (लोक प्रशासन), राजनीति विज्ञान एवं लोक प्रशासन अध्ययनशाला, विक्रम विश्विद्यालय, उज्जैन (म.प्र.) भारत**

शोध सारांश – प्रस्तुत शोध प्रत्र में, मध्यप्रदेश में सामुदायिक पुलिस प्रणाली की दिशा में उठाए गए महत्वपूर्ण कदमों का विस्तार से अध्ययन किया गया है। राज्य में इस प्रणाली के अंतर्गत अत्यंत सराहनीय प्रयास किए जा रहे हैं जो कि अन्य राज्यों के लिए आदर्श स्थापित कर रहे हैं। वैश्विक स्तर पर भी मध्यप्रदेश द्वारा सामुदायिक पुलिस प्रणाली की दिशा में की जा रही पहलों की प्रशंसा की जा रही है।

प्रस्तावना – मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा सामुदायिक पुलिस प्रणाली के माध्यम से एक मैत्रीपूर्ण और विश्वास-निर्माण दृष्टिकोण, अपराधियों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही करते हुए निवासियों के लिए एक सुरक्षित वातावरण सुनिश्चित किया जा रहा है।राज्य में सामुदायिक पुलिस प्रणाली की दिशा में 'सृजन', 'मैं हूँ अभिमन्यु', 'स्टूडेंट इंटर्नशिप कार्यक्रम', 'ऊर्जा डेस्क', 'विशेष किशोर पुलिस इकाई', 'शक्ति समिति संधारण', 'नागरिक सुरक्षा सर्वेक्षण', 'सहयोग कार्यक्रम' एवं 'सुरक्षित शहर परियोजना' जैसे कार्यक्रम सक्रिय रूप से कार्यान्वित किए जा रहे हैं जिनका विवरण निम्नांनुसार है-

परिवार परामर्श केंद्र – इस कार्यक्रम का शुभारंभ 10 अक्टूबर 1995 को किया गया। इसका उद्देश्य समाज की पारिवारिक व्यवस्था में महिलाओं की पीड़ा को कम करना है। इस प्रयास ने पुलिस विभाग की कार्यप्रणाली को सकारात्मक रूप से प्रेरित किया है, जो अब तक सकारात्मक मानवीय प्रयासों से जुड़ा नहीं था। उदाहरण स्वरूप इंदौर में परिवारों को टूटने से बचाने के लिए 9 केंद्रों की स्थापना की गई थी। ये केंद्र समाज के स्वयंसेवकों के सक्रिय समर्थन और सहयोग से चलाए गये, इनमें सामाजिक कार्यकर्ता, वकील, चिकित्सा पेशेवर आदि शामिल हैं। ऐसे मामलों में जहां कानूनी सहायता की आवश्यकता होती है, इस प्रयास से जुड़ी महिला वकील यह सहायता नि:शुल्क प्रदान करती हैं।

ग्राम एवं नगर रक्षा समिति – इस परियोजना को जनवरी 1996 में आरंभ किया गया। मूल रूप से बिना किसी आपराधिक रिकार्ड या ज्ञात राजनीतिक संबद्धता के उचित सोच वाले नागरिकों का एक समूह बनाने के उद्देश्य से किए गए इस प्रयास ने ऐसे आयाम हासिल कर लिए हैं, जिनके बारे में सोचा नहीं गया था। ग्राम तथा नगर रक्षा समिति अधिनियम 1999 एवं नियम 2003 के अंतर्गत समिति सदस्यों की उम्र 20 से 45 वर्ष तक रखे जाने का प्रावधान है। वर्तमान में संपूर्ण प्रदेश में कुल 36,196 समितियां गठित हैं, जिनमें 170,704 सदस्य शामिल हैं।

नगर सुरक्षा समिति द्वारा पुलिस को उसके सामान्य कर्तव्यों जैसे प्रमुख जुलूसों का प्रबंधन करने में सहायता करने के अलावा, पुलिस की कार्यप्रणाली के बारे में जागरूकता पैदा करना तथा यातायात प्रबंधन में सहायता आदि सहयोगपूर्ण कार्य किये जाते हैं। इन समितियों द्वारा मूल कार्यों से आगे बढ़कर अन्यप कार्य भी किये जा रहे हैं जैसे- रक्तदान/समूहन/एचआईवी परीक्षण, वृक्षारोपण, स्वच्छता अभियान आदि सामाजिक कार्यों का आयोजन किया जा रहा है। इन समितियों के सदस्यों के माध्यम से त्योहारों के दौरान स्थानीय कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए गश्त करना तथा ग्राम सुधार के विभिन्न कार्य किए जाते हैं। उपरोक्त के अतिरिक्त पुलिस ने इन समितियों के माध्यम से प्रौढ़ शिक्षा एवं साक्षरता विस्तार का कार्य भी किया है। उदाहरणार्थ, शाजापुर जिले में सड़क निर्माण/मरम्मत का कार्य स्वैच्छिक श्रम अंशदान के माध्यम से किया गया। 16 थाना क्षेत्रों के 320 गांव मुख्य मार्गों से जुड़े। सड़क समतलीकरण, जल निकासी प्रणालियों की मरम्मत और क्षतिग्रस्त सड़कों के पुनर्निर्माण का कार्य पुलिस और ग्राम रक्षा समितियों के स्वैच्छिक श्रम योगदान के माध्यम से किया गया।इससे पुलिस-सामुदायिक संबंधों और समन्वय में सुधार करने में मदद मिली है। दिनांक 31-10-2022 को राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर भोपाल जिले के कोलार थाने की नगर सुरक्षा समिति को उत्कृष्ट कार्य एवं योगदान के लिए राष्ट्रीय एकता प्रहरी पुरस्कार व प्रशंसा पत्र से सम्मानित किया गया। समिति द्वारा सामुदायिक पुलिस प्रणाली के सफल संचालन व सामाजिक सौहार्द के निर्माण में सदैव महत्वपूर्ण भूमिका निभाई गई है। विभिन्न पर्वों, मूर्ति विसर्जन स्थलोंवचल समारोहों के दौरान यातायात व्य वस्थास बनाये रखने आदि प्रमुख कार्य इन समिति के सदस्यों द्वारा सम्पासदित किये जाते हैं।

स्टुडेंट ओरिएंटेशन प्रोग्राम डायल 100 – इस योजना के अंतर्गत भोपाल एवं निकटस्थ क्षेत्रों के स्कूलों की कक्षा 8वीं से 10वीं के छात्रों को डायल 100 कमाण्ड सेन्ट्र का भ्रमण एवं आपातकालीन पुलिस सहायता हेल्पलाईन की संपूर्ण कार्यशैली से अवगत कराया जाता है। इस दौरान स्टूडेंट्स को पुलिस अधिकारियों द्वारा पुलिस सिस्टम और पैरामिलिट्री फोर्सेस की आधारभूत जानकारी वह रैंक सिस्टम से अवगत कराया जाता है। इसके अतिरिक्त स्टूडेंट्स को थाना प्रमाण एवं साइबर क्राइम विषय पर आवश्यक जानकारी प्रदान की जाती है। इस सेवा को विस्तारित करते हुए समस्त जिलों

में स्कूल शिक्षा विभाग से समन्वय कर शासकीय एवं अशासकीय स्कूल परिसरों में पहुंचकर पुलिस टीम एवं एफ0आर0ब्ही0 वाहन की मदद से इमरजेंसी डायल-100 हेल्पलाइन योजना को प्रसारित किया जा रहा है।

सामुदायिक पुलिस केंद्र – इस तरह का पहला केंद्र इंदौर के अपराधग्रस्त और संवेदनशील इलाकों में 'रुस्तम का बगीचा' नाम से शुरू किया गया था। इस योजना के तहत पुलिसकर्मी स्थानीय निवासियों के घर-घर जाकर संपर्क करते हैं और लोगों की समस्याओं का सफलतापूर्वक समाधान करते हैं। इससे विशेषकर शराब, महिला शोषण एवं अन्य छोटे अपराधों में कमी देखी गई। यह प्रयोग जापान की प्रसिद्ध 'कोबन' तकनीक पर आधारित है।

जनसंवाद – यह योजना 2007 से मध्यप्रदेश के सभी जिलों में लागू है। इसके अंतर्गत जिलों के पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना स्त्रर पर बैठके आयोजित कर स्थानीय लोगों की समस्याओं को सुनकर उनका निराकरण थाना/जिला/संभाग एवं राज्य स्तर पर किया जाता है। जन संवाद के दौरान आयोजित बैठक में सभी समाज के गणमान्य नागरिक, जनप्रतिनिधि, सेवानिवृत कर्मचारी, अधिवक्ता, समाजसेवी आदि को विशेष रूप से आमंत्रित किया जाता है।दिनांक 03-03-2024 को माननीय मुख्यमंत्री महोदय मध्य प्रदेश शासन के निर्देशानुसार संपूर्ण मध्य प्रदेश में एक साथ जन संवाद आयोजित किए गये थे जिसमें 88,129 लोग शामिल हुए थे।

समुदाय आधारित मिडिएशन योजना (सामुदायिक मध्यस्थता 'संवाद सेतु योजना')-

खाटला पंचायत- सामुदायिक पुलिस प्रणाली के अंतर्गत खाटला बैठक के माध्यम से आदिवासी बाहुल्य ग्रामों में जन संवाद आयोजित कर वनवासी भाई-बहनों को जागरुक करते हुए स्थानीय आपराधिक शिकायतों का मौके पर ही निदान, क्षेत्रीय गुंडे-बदमाशों की पतारसी, अंधविश्वास, कुरीतियां, कुप्रथाओं से आदिवासियों को विमुक्त करना, डाकन प्रथा, दागना आदि कुप्रथाओं पर मैत्रीपूर्ण तरीके से अंकुश लगाना, मॉब लिंचिंग घटनाओं की रोकथाम व जनजागृति सफलतापूर्वक की जाती है।

तड़वी पंचायत- आदिवासी बाहुल्य जिला झाबुआ एवं अलीराजपुर में 'तड़वी' एक तरह से गांव का मुखिया या पटेल होता है। गांव के सामाजिक और पारिवारिक विवादों को निपटने के लिए दोनों पक्ष की मांग पर तड़वी की उपस्थिति में पंचायत आयोजित की जाती है। उक्त पंचायत में गांव के अन्य प्रमुख लोग भी शामिल रहते हैं। तड़वी पंचायत में लिए गए निर्णय को दोनों पक्ष स्वीकार करते हैं। सामुदायिक पुलिस प्रणाली के अंतर्गत स्थानीय पुलिस अधिकारी भी तड़वी पंचायत के दौरान ग्रामवासियों के बीच उपस्थित होकर पक्षकारों को कानूनी पहलुओं से परिचित कराते हैं।

नक्सल प्रभावित जिलों में विशेष सामुदायिक पुलिस प्रणाली योजनाएं- जिला बालाघाट द्वारा सामुदायिक पुलिस प्रणाली के अंतर्गत वर्ष 2023 में 'जनमैत्री अभियान' प्रारंभ किया गया है जिसके द्वारा नक्सल प्रभावित क्षेत्र के नागरिकों को शासन की योजनाओं का लाभ प्राप्त करने में आ रही समस्याओं का निराकरण करने हेतु एक माध्यम उपलब्ध कराना है।

यूथ स्पोर्ट्स क्लब योजना, लाइब्रेरी एवं कोचिंग क्लासेस- प्रदेश के जिलों में स्थानीय पुलिस द्वारा जिला/अनुभाग/थाना स्तरों पर युवाओं के मध्य इन्डोशर एवं आउटडोर स्पोर्ट्स एक्टिविटीज व प्रतियोगिताओं के आयोजन से पुलिस एवं जनता के बीच बेहतर समन्वय एवं परस्पर संबंधों द्वारा सामुदायिक पुलिस प्रणाली के अंतर्गत नवाचार किया जा रहा है। इसी प्रकार सामाजिक संस्थाओं के सहयोग से विद्यालय एवं महाविद्यालय के विद्यार्थियों को अध्ययन हेतु लाइब्रेरी एवं कोचिंग क्लास की स्थापना से जनहित में नवाचार के कार्य संपन्न किये जा रहे हैं।

स्टूडेंट करियर गाइडेंस प्रोगाम- पुलिस के सहयोग से सामाजिक संस्थाओं द्वारा स्थानीय विद्वानों एवं प्रबुद्धजनों के मार्गदर्शन से छात्रों को उच्च शिक्षा व उनसे जुड़े विभिन्न रोजगार के अवसरों की सार्थक जानकारी उपलब्ध कराते हुए सामुदायिक पुलिस प्रणाली के अंतर्गत नवाचार प्रारंभ किया गया है।

सृजन- एक पहल शक्ति से सुरक्षा की ओर- इन पंक्तियों को चरितार्थ करता हुआ भोपाल पुलिस कमिश्नरेट का सामुदायिक पुलिस प्रणाली के अंतर्गत नवाचार जिसकी शुरुआत जून 2022 से विभिन्न समाजसेवी संस्थाओं एवं पुलिस कमिश्नरेट भोपाल द्वारा की गई जिसका उद्देश्य आर्थिक रूप से पिछड़ी हुई बस्तियों में रहने वाली बालिकाओं की सुरक्षा एवं सर्वांगीण विकास है। इस योजना के अंतर्गत शहर के अलग-अलग थाना क्षेत्र एवं बस्तियों में अब तक कुल 11 सृजन कार्यक्रम आयोजित कर लगभग 1500 बालिकाओं को प्रशिक्षित किया जा चुका है।प्रशिक्षण में बच्चों को 15 दिन तक मार्शल आर्ट, पी टी ,योगा सहित लैंगिक समानता, मानसिक स्वास्थ्य, बाल विवाह, पोक्सो एक्ट, जुवेनाईल जस्टिस एक्ट, शिक्षा आदि विषयों पर विभिन्न विशषज्ञों द्वारा जानकारी दी जाती है।

'मैं हूँ अभिमन्यु'-महिला सुरक्षा शाखा, पुलिस मुख्यालय के दिशा-निर्देश पर 'मैं हूँ अभिमन्यु' अभियान सम्पूर्ण मध्यप्रदेश में चलाया जा रहा है। इसके अंतर्गत प्रत्येक पुरुषों को महिलाओं के विरुद्ध हो रही विभिन्न अनैतिकता, असमानता एवं अत्यासचार के साथ-साथ दहेज, रुढिवादिता, अश्लीलता, असंवेदनशीलता, हत्या, अशिक्षा व लिंग भेद जैसी अन्य सामाजिक बुराईयों के विरुद्ध कार्यवाही करने एवं इस बुराई का साथ न देने हेतु शपथ दिलाई जा रही है।प्रथम चरण में यह अभियान 15 अगस्त 2023 तक जारी रहा एवं इसके सफल क्रियान्वयन के उपरांत वर्तमान में इसके दूसरे चरण को प्रारंभ किया गया है।

मध्य प्रदेश पुलिस स्टूडेंट इंटर्नशिप कार्यक्रम- मध्यप्रदेश पुलिस ने कॉलेज के छात्रों के लिये 'मध्य प्रदेश पुलिस स्टूडेंट इंटर्नशिप कार्यक्रम' शुरू किया है। इसके तहत छात्रों को 1 से 3 महीने तक पुलिस के साथ काम करने का अवसर प्रदान किया जा रहा है तथा इंटर्नशिप पूर्ण होने पर प्रमाणपत्र भी दिया जा रहा है। सबसे अच्छी बात यह है कि पुलिस के लगभग सभी विभागों में इन छात्रों की भर्ती की जाएगी। इस योजना के अंतर्गत छात्रों को लाइव केस स्टडी का मौका मिल रहा है। साथ ही मध्य प्रदेश पुलिस के सभी विभागों को देखने और समझने का मौका मिल रहा है। इस कार्यक्रम में छात्रों को विविध पुलिस कार्य, सायबर अपराध, डायल-100 की जानकारी, सी.सी.टी.एन.एस. सॉफ्टवेयर की जानकारी, महिला सहायता, बाल संरक्षण एवं सामुदायिक पुलिस की कार्यप्रणाली की जानकारी प्रदान किया जाना शामिल है। इस प्रकार इंटर्नशिप से छात्रों को ना केवल पेशेवर अनुभव प्राप्त होगा बल्कि वह समाज के एक जिम्मेदार नागरिक भी बनेंगे, क्योंकि उन्हें नियमों के बारे में जानकारी होगी।

सामुदायिक पुलिस प्रणाली के अंतर्गत 'स्टूडेंट इंटर्नशिप प्रोग्राम' के तहत भोपाल स्कूल ऑफ सोशल साइंस कॉलेज (BSSS) में दो दिवसीय प्रशिक्षण सत्र का उद्घाटन दिनांक 19 मई 2022 को किया गया। प्रशिक्षण सत्र में करीब 200 विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रशिक्षण सत्र में महिला अपराधों

के कानूनी प्रावधानों एवं महिला उर्जा डेस्क की कार्यप्रणाली के संबंध में विस्तृत रूप से विद्यार्थियों को प्रशिक्षित किया गया।

इसके अंतर्गत BSSS के छात्रों ने अहिंसा दिवस पर पुलिस के मार्गदर्शन में नुक्कड़ नाटक निर्मित किया, जो कि महिला अपराध, बाल अपराध, साइबर क्राइम की रोकथाम एवं यातायात नियमों के सम्बन्ध में जन जागृति फैलाने के उद्देश्य से BSSS के 60 छात्र की 4 टीम शहर में अलग-अलग क्षेत्रों, पब्लिक प्लेस पर 24 घंटे 100-100 नुक्कड़ नाटक पूर्ण कर रहे हैं, और जगह-जगह सुरक्षित समाज का संदेश भेज रहे हैं।

यह सामुदायिक पुलिस प्रणाली का एक अनूठा उदाहरण हैं, एक ही विषय पर आधारित 24 घंटे में 400 नुक्कड़ नाटक संपादित होने पर लिम्का बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड हेतु भेजा जाएगा। गांधी जयंती के अवसर पर हिंसा मुक्त समाज के लिए युवाओं का ऐसा काम करना समाज में अवश्य बदलाव लाएगा।

शक्ति समिति एवं शक्ति कैफे- महिलाओं को आर्थिक और सामाजिक रूप से सशक्त बनाने हेतु भोपाल पुलिस के दो सबसे महत्वपूर्ण दफ्तर कमिश्न कार्यालय और कंट्रोल रूम में शक्ति कैफे की शुरुआत की गई है तथा भोपाल नगरीय क्षेत्र के 36 पुलिस थानों को चिन्हित कर शक्ति कैफे प्रारम्भी किया गया है। इनका संचालन पीड़ित महिलाओं को सौंपा गया है जिन्हेंग संगिनी संस्था के माध्यिम से भारतीय स्टेट बैंक द्वारा 01 लाख रूपये बैंक ऋण प्रदान किया गया है। शक्ति कैफे 24.7 संचालित किये जा रहे हैं।

उर्जा हेल्पम डेस्का- 'ऊर्जा डेस्क' के माध्यम से महिला सशक्तिकरण की दिशा में महिलाओं और लड़कियों को अपराध को रोकने और उससे निपटने के लिए प्रशिक्षण दिया जाता है जिससे महिला सुरक्षा बढ़ोतरी देखी जा रही है। अब्दुल लतीफ जमील पॉवर्टी एक्शन लैब (J-Pal) ने 'Urgent Relief and Just Action' 'Urja डेस्क' अवधारणा को डिजाइन किया था जिसे 2017 में राज्य में लागू किया गया था। प्रदेश की राजधानी भोपाल में सेवानिवृत्त पुलिस महानिदेशक श्री ऋषि कुमार शुक्ला द्वारा जहांगीराबाद स्थित महिला थाने में उर्जा हेल्प डेस्क का शुभारंभ किया गया।

इस योजना के अंतर्गत महिलाओं की समस्याएं अब महिला पुलिस अधिकारी ही सुन रही हैं, इसके लिए प्रदेश के 12 जिलों- विदिशा, रतलाम, इंदौर, भोपाल, बैतूल, सिवनी, बालाघाट, रीवा, जबलपुर, पन्ना , मुरैना एवं ग्वालियर के 180 थानों में ऊर्जा महिला हेल्प डेस्क बनाई गई हैं ताकि महिला जैसे ही थाने में पहुंचेंगी तो उनकी तुरंत सुनवाई होगी।अंतरराष्ट्रीय शोधकर्ताओं ने पाया है कि राज्य के पुलिस स्टेशनों में स्थापित ऊर्जा डेस्क ने पीड़ित महिलाओं को पुलिस के साथ अपनी समस्याएं साझा करने के लिए पर्याप्त जगह दी है। भोपाल में आयोजित तीन दिवसीय जस्टिस, इंक्लूजन एंड विक्टिम एक्सेस (जीआईवीए) कॉन्फ्रेंस में यह तथ्य सामने आया।

वर्तमान में, राज्य के लगभग 700 से अधिक पुलिस स्टेशनों में ये उर्जा डेस्क संचालित हो रही हैं।भोपाल पुलिस कमिश्नरेट द्वारा बनाये गये Victim Friendly महिला थाना को ISO की टीम द्वारा मूल्यांकन एवं गुणवत्ता के आधार पर ISO अवार्ड के लिए चयनित किया गया तथा ISO 9001:2015 सर्टिफिकेट प्रदान किया गया, यह प्रदेश ही नहीं बल्कि पूरे भारत का पहला ISO 9001: 2015 सर्टिफाइड थाना बन चुका है।

विमुक्त जनजातियों का कल्याण- विमुक्त जनजातियों एवं उनके मानव अधिकारों तथा उन्हें मुख्य धारा में लाने के लिए एक सहयोगी पुलिस व्यवस्था कायम करने हेतु मध्यप्रदेश पुलिस लगातार कार्यरत हैं।मध्यप्रदेश के कुछ विशिष्ट जिलों में जिसमें गुना, देवास, अशोकनगर, राजगढ़ एवं शाजापुर शामिल हैं, के अंतर्गत निवासरत अधिसूचित समूदाय जैसे- कंजर, पारधी, सांसी, बेडिया, बाछड़ा व अन्य समुदायों की अपराध लिप्तैता को दूर करने हेतु विशेष प्रयास किए गए हैं। सामुदायिक पुलिस प्रणाली के अंतर्गत ऐसे समुदाय जिनके आचरण में कानून पालन से संबंधित शिकायतें सामने आती हैं, उन्हें प्रचलित कानून का पालन करने तथा एक गरिमामयी जीवन जीने के लिए प्रेरित कर अपराध की रोकथाम के उद्देश्य से विभिन्न समुदाय केंद्रित प्रयास पुलिस द्वारा किए जा रहे हैं।

इसी क्रम में विमुक्त जनजातियों के मानव अधिकारों तथा सामुदायिक पुलिस व्यवस्था विषय पर भोपाल स्थित गांधी भवन में एक कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला के समापन समारोह में सेवानिवृत्त पुलिस महानिदेशक श्री ऋषि कुमार शुक्ला जी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। श्री शुक्ला ने पीड़ित व्यक्तियों की बातें भी सुनी और यह भी बताया कि किस तरह से पुलिस इस दिशा में प्रभावी कार्य कर रही है तथा और क्या-क्या करने की अपेक्षा हैं एवं पुलिस का तथा पीड़ित समुदायों का आपस में संवाद होना बहुत आवश्यक है।

विशेष किशोर पुलिस इकाई (Special Juvenile Protection Unit- SJPU)- राज्य में किशोर न्याय सुनिश्चित करने के लिए विशेष किशोर न्याय अधिनियम 2000 के अनुसार जिलों में विशेष पुलिस इकाइयों की स्थापना की गई है। इस योजना के अंतर्गत सभी कल्याण पुलिस अधिकारियों को किशोर कल्याण अधिकारी नामित किया गया है। वह लापता किशोरों के संरक्षण और आपराधिक गतिविधियों में शामिल बच्चों। पर निगरानी के कार्य भी करते हैं। पुलिस अधीक्षक द्वारा प्रत्येक थाने में एक पुलिस अधिकारी को विशेष किशोर पुलिस इकाई का प्रभारी नियुक्त किया जाता है। ऐसे सभी पुलिसकर्मियों को जूवेनाईल जस्टिस एक्ट, चाईल्ड वेलफेयर कमिटी एवं बच्चों के कानूनी अधिकारों से संबंधित प्रशिक्षण दिया जाता है।

UNICEF ने भोपाल पुलिस कमिश्नरेट द्वारा संचालित की जा रही इस पहल की सराहना की।मध्यप्रदेश पुलिस को इक्वोडोर के क्विटो शहर में संयुक्त राष्ट्र द्वारा आयोजित छठवें 'Safe City'Forum में महिला सुरक्षा और बाल संरक्षण हेतु संचालित अपनी सामुदायिक पुलिस पहल का प्रदर्शन करने के लिए आमंत्रित किया गया था। कार्यक्रम 28 से 30 नवंबर, 2023 तक आयोजित हुआ। मध्य प्रदेश पुलिस द्वारा की गई इस सराहनीय पहल को 'इमेज चतंबजपबम' के रूप में सम्मानित किया गया।

स्टूडेंट पुलिस कैडेट-स्टूडेंट पुलिस कैडेट योजना वर्ष 2018 में शुरू की गई थी। इस योजना की निगरानी, क्रियान्वयन और निष्पादन सामुदायिक पुलिस शाखा, पुलिस मुख्यालय, मध्यप्रदेश, भोपाल द्वारा किया जाता है। प्रारंभ में यह योजना मध्यप्रदेश के 31 जिलों के चयनित सरकारी विद्यालयों में पायलट प्रोजेक्ट के रूप में शुरू की गई थी। प्रत्येक विद्यालय से आठवीं कक्षा के 20 छात्रों के एक बैच को इस योजना के अंतर्गत नामांकित किया जाता है। वर्तमान में यह योजना मध्यप्रदेश के सभी जिलों में सफलतापूर्वक लागू है। इस योजना के अंतर्गत पाठ्यक्रम के अनुसार इन्डोर और आउटडोर कक्षाएं सी.पी.ओ(कैडेट पुलिस ऑफिसर) और ए.सी.पी.ओ.(असिस्टेंट कैडेट पुलिस ऑफिसर) द्वारा ली जाएगी। सरकारी विद्यालयों में योजना के क्रियान्वयन के लिए राज्य और जिला समितियों का गठन किया गया है।

वर्तमान में कुल 556 विद्यालयों में सफलतापूर्वक इन शैक्षणिक पाठ्यक्रमों के संचालन के लिए विद्यालयों को आवश्यक बजट प्रदान किया गया है और 18222 छात्रों को स्टूडेंट पुलिस कैडेट योजना में सम्मिलित किया गया है।

वरिष्ठ नागरिक सहायता (आलंबन योजना) – माननीय मुख्यमंत्री मध्य प्रदेश की घोषणा क्रमांक 2278 दिनांक 11-04-2012 के अंतर्गत शहरी क्षेत्र के समस्त थाना क्षेत्रों में निवासरत अकेले रहने वाले वरिष्ठ नागरिकों की सुरक्षा हेतु विशेष व्यवस्था की जाएगी। इस संबंध में गृह विभाग मध्य प्रदेश शासन के पत्र- एफ 21-04/2014/ दो-ए(3) भोपाल दिनांक 27-05-2014 द्वारा मध्य प्रदेश राज्य वरिष्ठ नागरिक कल्याण आयोग जो कि वृद्धजनों के कल्याण एवं पुनर्वास हेतु कार्यरत है, के लिए गृह विभाग, मध्यप्रदेश शासन की ओर से समन्वय अधिकारी के रूप में अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक, सामुदायिक पुलिस शाखा, पुलिस मुख्यालय, मध्यप्रदेश, भोपाल को नामांकित किया गया है।

पुलिस मुख्यालय से समस्तय जिलों को निर्देश जारी कर अधीनस्थ क्षेत्रों में एवं संचालित स्वैच्छिक/शासकीय सहायता प्राप्त एन.जी.ओ. संस्थाओं में निवासरत वृद्धजन जिनकी आयु 60 वर्षों से अधिक है, की जानकारी उपलब्ध कराने हेतु पत्र लेख किया गया। समस्त पुलिस अधीक्षकों को जिला पुलिस नियंत्रण कक्ष में वृद्धजानों की सहायता एवं शिकायतों की सूचना प्राप्त करने हेतु हेल्पलाइन, फोन नंबर, फैक्स, एस.एम.एस. अथवा ई-मेल स्थापित कर सरकारी एवं गैर सरकारी वृद्ध आश्रमों में निवासरत वरिष्ठी नागरिकों की कुल संख्या (जिसमें महिला एवं पुरुष की पृथक-पृथक संख्या) तथा उनके नाम, फोन नंबर, एवं पता आदि विवरण का पंजीयन करने के निर्देश दिए गए हैं।

भोपाल पुलिस द्वारा सामुदायिक पुलिस प्रणाली के अंतर्गत संचालित उपरोक्त कार्यक्रमों के अलावा एक प्रतिपुष्टि तंत्र भी विकसित किया गया है जिसमें पुलिस की कार्यप्रणाली को जनता की अपेक्षाओं के अनुरूप बनाने के लिए 'कैसी है आपकी पुलिस' पहल के माध्यम से निरंतर सुधार के प्रयास किये जा रहे हैं। सामुदायिक पुलिस प्रणाली के सुचारू क्रियान्व यन के कारण ही 2023 में गंभीर अपराधों में उल्लेखनीय कमी देखी गई है जो पुलिस की रणनीतियों की प्रभावशीलता को दर्शाती है।

निष्कर्ष – उपरोक्त तथ्य एवं वैश्विक स्तर पर मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा सामुदायिक पुलिस प्रणाली की दिशा में उठाये गये कदमों की प्रशंसा इस प्रणाली के सफल संचालन को दर्शाता है तथा पुलिस व जनता के मध्य अटूट प्रतिबद्धता का प्रमाण स्थालपित करता है।सामुदायिक पुलिस प्रणाली हेतु मध्यप्रदेश संपूर्ण देश के लिये प्रेरणा स्त्रोत है।संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा मध्यप्रदेश में सामुदायिक पुलिस प्रणाली की दिशा में किये गये कार्यो की प्रशंसा की गई है तथा मध्यप्रदेश द्वारा उठाये गये कदमों का अन्य देशों को भी अनुसरण करना चाहिये। विशेष तौर पर मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा धार्मिक एवं साम्प्रकदायिक सोहार्द के मुद्दों को सामुदायिक पुलिस की सहायता से बड़ी ही सरलतापूर्वक हल किया जा रहा है।

संदर्भ ग्रंथ सूची:-

1. सामुदायिक पुलिस शाखा, पुलिस मुख्यालय, भोपाल से प्राप्त जानकारी के अनुसार
2. https://kolar18.com/kolar-nagar-sewa-samiti/
3. https://www.facebook.com/policebhopal/posts/pfbid0VoPmw95b3U6mhT5nvkmXRsXZoPZXMyup8WEikhzvBvTf2H7McknQQntvQt8Av1wsl? locale=hi_IN
4. https://www.facebook.com/policebhopal/posts/pfbid0ap7QPspkCggVPGdrmFCaq6JnuTbyz68aZz3UrEZjcD9DRtYf8GqH47sAkNH82Ztdl?locale=hi_IN
5. https://www.facebook.com/policebhopal/posts/pfbid0eh5oY8wNokb8rysCP6diXLyG6swHZdpbDvURZsmMuDbRNnLRckKrkwp5awacP2xjl?locale=hi_IN
6. hhttps://www.aninews.in/news/business/business/madhya-pradesh-polices-community-police-initiatives-get-praised-at-un-safe-cities-forum20231205164146/
7. hhttps://www.aninews.in/news/business/business/madhya-pradesh-polices-community-police-initiatives-get-praised-at-un-safe-cities-forum20231205164146/
8. Kapoor, V.; Flavin, W.; Ochs, P.; Matyók, T.; Fahim, E. Community Policing Solutions for Religion-on-Religion Conflict: Lessons from an Indian Case Study. *World* 2022,*3*,840–857. https://doi.org/10.3390/world3040047

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
April to June 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLVI, ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

जनजाति क्षेत्र में शैक्षिक पर्यवेक्षण सम्बन्धित चुनौतियाँ (बांसवाड़ा जिले के संदर्भ में एक अध्ययन)

डॉ. हरीश कुमार मेनारिया* मनीषा आमेटा**

* सहायक आचार्य (शिक्षा) लोकमान्य तिलक शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय, डबोक, उदयपुर (राज.) भारत
** शोधार्थी (शिक्षा) लोकमान्य तिलक शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय, डबोक, उदयपुर (राज.) भारत

प्रस्तावना – प्रस्तुत शोध पत्र बाँसवाड़ा जिले के संदर्भ में विद्यालयों में शैक्षिक पर्यवेक्षण से सम्बन्धित चुनौतियों पर आधारित है। शिक्षा के क्षेत्र में राजस्थान संभावनाओं से भरा प्रदेश है भौगोलिक चुनौतियों एवं विविधताओं के बावजूद भी विद्यार्थियों के समग्र विकास के लिए राज्य में शिक्षा के क्षेत्र में ऐतिहासिक काम हुआ है। आने वाला समय शिक्षा के क्षेत्र में निश्चित ही राजस्थान के विद्यार्थियों का है एक समय था जब राजस्थान की गिनती शैक्षिक दृष्टि से पिछड़े राज्यों में हुआ करती थी, लेकिन विगत कुछ सालों से राजस्थान ने गुणवतापूर्ण शिक्षा के क्षेत्र में अपने कदम मजबूती से आगे बढ़ाए है। जनजाति क्षेत्र के चयनित जिलों में शैक्षिक पर्यवेक्षण संबंधी समस्याओं एवं चुनौतियों के अध्ययन के अर्न्तगत बांसवाड़ा जिले को अध्ययन में सम्मिलित कर शिक्षकों के जो अभिमत प्राप्त हुए उन्हें मूल्यमुक्त रूप से प्रदर्शित किया गया हैं।

शोध उद्देश्य :

1. जनजातीय जिले बांसवाड़ा में शैक्षिक पर्यवेक्षण सम्बन्धी चुनौतियों का अध्ययन करना।
2. जनजातीय जिले बांसवाड़ा में शैक्षिक पर्यवेक्षण सम्बन्धी चुनौतियों के समाधान पर सुझाव देना।

शोध विधि एवं अध्ययन क्षेत्र– अध्ययन का उद्देश्य राजस्थान राज्य के शिक्षा विभाग के अन्तर्गत शैक्षिक पर्यवेक्षण सम्बन्धित प्रक्रिया व समस्याओं का अध्ययन करना है जो कि वर्तमान समय की समस्याओं से सम्बन्धित अध्ययन है अत: शोध विषय की प्रकृति एवं उद्देश्यों को ध्यान रखते हुए सर्वेक्षण विधि का प्रयोग किया गया है। प्रस्तुत अध्ययन राजस्थान के बांसवाड़ा जिले के शहरी व ग्रामीण माध्यमिक व उच्च माध्यमिक विद्यालयों तक सीमित रखा गया है।

बांसवाड़ा जिले का कुल क्षेत्रफल 5037 वर्ग किलोमीटर है जिसमें नगरीय क्षेत्रफल 22 वर्ग किलोमीटर और ग्रामीण क्षेत्रफल 5015 वर्ग किलोमीटर है। बांसवाड़ा की नींव महारावल जगमाल सिंह ने डाली थी। इस क्षेत्र में बांस के पेड़ प्रचुरता में पाए जाने व बांसिया भील द्वारा बसाये जाने के कारण इस क्षेत्र का नाम बांसवाड़ा पड़ा है। बांसवाड़ा के लगभग मध्य में से कर्क रेखा गुजरती है, जिस कारण इसका अधिकांश भाग उष्ण कटिबंध के अंतर्गत आता है। डूंगरपुर एवं बांसवाडा दोनों को संयुक्त रूप से प्राचीनकाल में वागड़ प्रदेश के नाम से जाना जाता था। प्राचीन काल में यह प्रदेश वाग्वर प्रदेश के नाम से भी जाना जाता था। इसकी राजधानी अर्थुना थी एवं इस पर परमारों का शासन था। यह जिला एक जनजाति बहुल जिला है। राजस्थान के एकीकरण के द्वितीय चरण 25 मार्च 1948 को बांसवाड़ा रियासत का राजस्थान में विलय हुआ था। 2011 की जनगणना के अनुसार बांसवाड़ा जिले की जनसंख्या 17,97,485 है और लिंगानुपात 980,साक्षरता दर 56.3 प्रतिशत, पुरुष साक्षरता 69.5 प्रतिशत तथा महिला साक्षरता 43.1 प्रतिशत है।

